

कलेक्टर एवं निगमायुक्त ने किया ध्वजा पूजन

खजराना स्थित महाकाल मंदिर पर 100 क्विंटल फलाहारी प्रसाद का भोग लगाकर भक्तों में वितरण

इन्दौर,एजेंसी ।

खजराना गणेश मंदिर स्थित महाकालेश्वर भोलेनाथ के मंदिर पर परंपरागत शिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को सुबह मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर आशीष सिंह, मंदिर प्रशासक एवं निगमायुक्त शिवम वर्मा ने पूजन-अभिषेक के साथ किया। इस अवसर पर अतिथियों ने भक्त मंडल की ओर से महाकाल मंदिर में 100 क्विंटल साबुदाना की खिचड़ी का भोग लगाकर भक्तों में वितरण का शुभारंभ भी किया।भक्त मंडल के अरविंद बागड़ी, कैलाश पंच एवं अमित अग्रवाल ने बताया कि मंदिर के मुख्य पुजारी पं. अशोक भट्ट द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अतिथियों ने पूजा-अर्चना संपन्न की। इस अवसर पर पं. मोहन भट्ट, पं. जयदेव भट्ट एवं अन्य विद्वान भी मौजूद थे।

:: सुबह से लगी भक्तों की कतारें ::

विभिन्न किस्म के पुष्पों एवं अन्य गहनों से खजराना स्थित महाकाल मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शनार्थ अल सुबह से ही भक्तों का आगमन शुरू हो गया था। महाकाल की तर्ज पर दर्शन व्यवस्था होने से भक्तों को ज्यादा प्रतीक्षा नहीं करना पड़ी। भक्त मंडल के 50 सदस्यों ने दिनभर प्रसाद वितरण की व्यवस्थाएं संभाली।

धरावरा धाम पर अ.भा. मानस सम्मेलन में शिव पुराण कथा जारी धूमधाम से मनाया गणेशजी के विवाह का उत्सव

ज्ञान और बुद्धि के साथ विवेक देने वाले शिव पुत्र गणेशजी की आराधना कभी निष्फल नहीं होती

इन्दौर,एजेंसी ।



जीवन में संयोग के साथ वियोग और सुख के साथ दुख जुड़ा हुआ है। भगवान आनंद के सिंधु हैं और हम संसार के एक बिन्दु बराबर सुख को पाते ही अपने आप को धन्य समझने लगते हैं। शिव पुत्र भगवान गणेश प्रथम वंदनीय है। विघ्नहर्ता के रूप में देवता भी उन्हें मान्यता देते हैं। बिना गणेशजी की पूजा-आराधना के किसी भी शुभ संकल्प की पूर्ति नहीं हो सकती। गणेशजी सबसे सहज और सरल देवता माने जाते हैं। भगवान शिव और पार्वती के पुत्र तो वे हैं ही, भारतीय समाज के जन-जन के मन में भी वे स्थापित हैं। विदेशों में भी गणेशजी के मंदिर बने हुए हैं। ज्ञान और बुद्धि के साथ विवेक देने वाले शिव पुत्र गणेश ही हैं। उनकी आराधना कभी निष्फल नहीं होती। धार रोड स्थित धरावरा धाम आश्रम परिसर में ब्रह्मलीन महंत घनश्यामदास महाराज के 16 वें पुण्य स्मृति प्रसंग पर महंत शुकदेवदास के सानिध्य में चल रहे अ.भा. मानस सम्मेलन के तहत शिव पुराण कथा में प्रख्यात मनीषी पं. पुष्पानंदन पवन तिवारी ने बुधवार को उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए। आज कथा में महंत घनश्यामदास महाराज का पुण्य स्मृति दिवस भी मनाया गया। सैकड़ों भक्तों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि समर्पित की। कथा में आज गणेशजी का रिद्धि और सिद्धि के साथ विवाह का प्रसंग भी बरात के साथ मनाया गया। धूमधाम से हुए इस विवाह में 25 गांवों के श्रद्धालु भी शामिल हुए। कथा शुभारंभ के पूर्व संयोजक डॉ. सुरेश चौपड़ा, ललित अग्रवाल, कल्याणमल भांगड़िया, विजय राणा, सुधीर अग्रवाल, संतोषसिंह एवं अन्य श्रद्धालुओं ने व्यासपीठ का पूजन किया। संतों एवं भक्तों की अगवानी प्रकाश अजमेरा, डॉ. कमलेश गर्ग, प्रहलाद गर्ग, नवनीत लाहोटी, गुमानसिंह आदि ने की। कथा के दौरान मनोहारी भजनों का जादू प्रतिदिन देखने को मिल रहा है। आज अयोध्या से आए विश्व विख्यात मृदंग वादक पं. विजयरामदास ने अपने पखावज वादन की प्रस्तुति देकर हजारों भक्तों का मन मोह लिया। उन्होंने पंचदेव स्तुति, हनमंत बीज कवच, बम भोला, भद्रकाली और गुरू वंदना सहित अनेक प्रस्तुतियां देकर पूरे पांडाल को मंत्रमुग्ध बनाए रखा।

आयोजन समिति के गोपाल गोयल, सीताराम नरेड़ी, सुधीर अग्रवाल ने बताया कि कथा 28 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 से 5 बजे तक होगी। कथा में गुरुवार को तुलसी चरित्र, बिल्व पत्र महिमा तथा शुक्रवार को द्वादश ज्योतिर्लिंग की कथा के साथ समापन होगा।

आचार्य पं. तिवारी ने कहा कि हमें अपने आत्मस्वरूप का बोध होना चाहिए। इस बोध को भूल गए तो भटकना तय है। यह भटकाव परमात्मा की भक्ति और सत्संग से ही दूर हो सकता है। भगवान गणेश जन्म के पूर्व से ही विलक्षण रहे। पिता और माता के विवाह में पुत्र के पूजन का अनूठा उदाहरण मिलता है। माता पिता की परिक्रमा को तीर्थ यात्रा का दर्जा देने वाले भगवान गणेश ही हैं। उनके द्वारा स्थापित परंपरा भारतीय समाज में आज भी प्रासंगिक और शाश्वत मानी जाती है। देश में जितने मंदिर राम और कृष्ण के हैं, उससे भी अधिक गणेशजी के हैं। हमारी भक्ति में दृढ़ता होना चाहिए। जिस दिन हम इस दृढ़ता के साथ भक्ति में लीन हो जाएंगे, उस दिन हमें भगवान के आनंद सिंधु होने की अनुभूति भी स्वतः हो जाएगी।

पचोर निवासी इन्दौर के व्यापारी का जयपुर में अपहरण करने वाले भिंड में गिरफ्तार, मामला कर्ज और लेनदेन का

इन्दौर । मूलतः पचोर निवासी इन्दौर के एक कपड़ा व्यापारी का राजस्थान के जयपुर में अपहरण कर अपहरणकर्ता ने तीन लाख की फिरौती मांगी थी। मामला एरोड्रम थाना क्षेत्र का था जहां व्यापारी की पत्नी की रिपोर्ट पर पुलिस ने कार्रवाई करते व्यापारी केवल मोबाइल को सर्विलांस पर डाल एक टीम जयपुर भेज अपहरणकर्ता द्वारा दिए गए अकाउंट नंबर की जांच शुरू की थी तो पुलिस को अकाउंट भिंड के एक व्यक्ति के होने की जानकारी मिली जिस पर पुलिस ने भिंड से व्यापारी के अपहरण कर्ता को गिरफ्तार कर व्यापारी को पुलिस इंदौर लेकर आ रही है। जिसके बाद ही पूरे मामले का खुलासा होगा। हालांकि जानकारी कर्ज और लेनदेन के मामले की सामने आ रही है।बता दें कि कपड़ा व्यापारी पवन जैन की पत्नी आरती ने पुलिस को पवन जैन के अपहरण की शिकायत दर्ज कराते कॉल रिकॉर्डिंग भी सौंपी थी। एरोड्रम थाना पुलिस के अनुसार कपड़ा व्यापारी पवन जैन की पत्नी आरती ने पुलिस को दर्ज अपनी शिकायत में बताया था कि पति पवन जैन गत 19 फरवरी को जयपुर गए थे रोजाना उनसे मोबाइल पर दिन में दो-तीन बार बात हो रही थी। मंगलवार सुबह उनके मोबाइल से कॉल आया और किसी दूसरे युवक ने बात करते हुए कहा कि हमने पवन का अपहरण कर लिया है। उसने पति पवन से भी बात करा कहा कि मैं तुम्हें अकाउंट नंबर दे रहा हूं, उसमें तीन लाख रुपए जमा करा दो। अपहरणकर्ता ने धमकी देते हुए आरती को कहा था कि रुपए नहीं दिए और पुलिस से शिकायत की तो पति की हत्या कर देंगे। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते मामले में जांच शुरू कर जैन का मोबाइल सर्विलांस पर डाल एक टीम जयपुर के लिए रवाना कर दी गई है। पुलिस ने दिए गए अकाउंट नंबर की डिटेल निकाली तो वह पचोर के एक व्यक्ति का निकला।



विद्याधाम पर भगवान शिवाशिव की आराधना में हुआ रतजगा

इन्दौर । विमानतल मार्ग स्थित विद्याधाम परिसर पर शिव नवरात्रि के उपलक्ष्य में महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में आश्रम के 51 विद्वानों, 151 वेदपाठी बटुकों एवं सैकड़ों भक्तों ने चारों प्रहर आराधना की और पूजा के दौरान भगवान शिव का आम, अंगूर, अनार, संतरा, गन्ना, पान एवं अन्य फलों के रस से रूद्राभिषेक भी किया।आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, यदुनंदन माहेश्वरी, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि बुधवार संध्या को 108 दीपों से महाआरती के बाद चारों प्रहर विशेष आराधना का क्रम शुरू हुआ, जो गुरूवार सुबह 5 बजे तक चला। इसके पूर्व अभिषेकात्मक रूद्राभिषेक में भी सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। बुधवार को गोधूलि बेला में मंडप सजाकर अंगूर एवं पाइनेपल से श्रृंगारित लग्नवेदी में आचार्य पं. योगेश पाराशर, पं. ओमप्रकाश शर्मा एवं आचार्य पं. लोकेश शर्मा सहित 51 विद्वानों एवं स्वामी गिरिजानद सरस्वती वेद वेदांग विद्यापीठ के 151 बटुकों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विभिन्न अनुष्ठान संपन्न कराए। सैकड़ों श्रद्धालु भी इस दौरान उपस्थित रहे।

दुर्घटना में बच्चों सहित 27 घायल, मेडीकल में भर्ती

पिकअप वाहन खाई में गिरा, 3 की मौत



जबलपुर,एजेंसी ।

बरेला थाना अतंर्गत ग्राम काशी महगवा नाला के पास गत बुधवार दोपहर एक पिकअप वाहन खाई में पलट जाने से एक वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि दो अन्य घायलों की इलाज के दौरान गुरुवार को मेडीकल कॉलेज अस्पताल में मृत्यु हो गईं इस हादसे में तीन लोग मारे गए, जबकि 27 लोग घायल हुए है घायलों का मेडीकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा हैं

बताया गया है कि वाहन तेज रफ्तार में था इसी दौरान वाहन का स्टेयरिंग फेल हो गया और वाहन अनियंत्रित होकर खाई में पलट गयो

बरेला थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा ने बताया कि ग्राम काशी महगवा नाले के पास यह वाहन पलटो इस वाहन में ऐठाखेड़ा निवासी मजदूर विजय सिंह सोयम अन्य परिजन व रिश्तेदारों के साथ पिकअप वाहन में सवार होकर शादी पक्की करने जा रहें थे, जैसे ही पिकअप वाहन बरेला ब्रिज के पास काशी महगवा नाले के पास पहुंचा, तभी स्टेयरिंग फेल होने के कारण सड़क किनारे खाई में जा गिरा। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और निजी वाहनों एवं 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज भिजवाया गयो इस हादसे में रामेश्वरम मरावी, मेर सिंह कुलस्ते और महिला धमकती बाई, की मौत हो गई हैं, जबकि महिला बच्चे सहित 27 लोग घायल हुए हैं जिनका इलाज मेडिकल अस्पताल में किया जा रहा है

दुर्घटना के समय पिकअप वाहन में महिलाएं, बच्चे सहित 30 से अधिक लोग वाहन में सवार थे, सभी घायल हुए हैं। पुलिस ने आरोपी पिकअप वाहन चालक के खिलाफ रिपोट पर धारा 281, 125(ए), 106(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है

आरोपियों में तत्कालीन टीएनसीपी अफसर, पूर्व संयुक्त संचालक, नोटरी और बिल्डर शामिल

9 साल पुराने 11 हजार स्के फीट नजूल जमीन पर 5 मंजिला इमारत मामले में 8 पर केस दर्ज

इन्दौर,एजेंसी ।

नजूल की जमीन पर इमारत तानने के मामले में तत्कालीन टीएनसीपी अफसर, पूर्व संयुक्त संचालक, नोटरी और बिल्डर सहित आठ लोगों को आरोपी बना ईओडब्ल्यू ने केस दर्ज किया है। इस नौ साल पुराने मामले में आर्थिक अपराध विंग (ईओडब्ल्यू) ने विजय सांवलकर के साथ विवेक देवधर (वरिष्ठ भू- मापक), आरके सिंह (टीएनसीपी), किशोर सोनी (नोटरीकर्ता) और शत्रुघ्न कस्तूरिया (इंजीनियर), बिल्डर राकेश जैन और उसकी पत्नी मीनाक्षी तथा मां कंचन जैन को आरोपी बनाया है। फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से नजूल की जमीन पर बहुमंजिला इमारत तानने के इस मामले में बिल्डर राकेश जैन ने रोबोट चौराहा, खजराना स्थित सर्वे क्रमांक 543/2 की सरकारी जमीन दस्तावेजों में अपनी पत्नी मीनाक्षी और मां कंचन जैन के नाम दिखाते वहां पांच मंजिला इमारत का निर्माण करना शुरू कर दिया यही नहीं इमारत निर्माण के दौरान नजदीक की 11 हजार वर्गफीट नजूल की जमीन पर भी कब्जा कर टीएनसीपी से निर्माण अनुमति ले ली। अनुमति तत्कालीन संयुक्त संचालक विजय सांवलकर ने दी। हालांकि शिकायत के बाद तत्कालीन कलेक्टर की जांच उपरांत टीएनसीपी ने अनुमति निरस्त कर दी थी। लेकिन मामले में टीएनसीपी अफसरों की साठगांठ पाई जाने की जांच रिपोर्ट कलेक्टर ने शासन को भेज दी थी।



